www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शुक्रवार
7 मार्च 2025, नोएडा, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 24 संस्करण

गडकरी बोले, बढ़ते सड़क हादसों के लिए दोषपूर्ण डीपीआर, डिजाइन जिम्मेदार

हिंडन एयरपोर्ट से भुवनेश्वर के लिए भी विमान सेवा शुरू होगी

सुविधा

30 मार्च से भुवनेश्वर की उड़ान शुरू होगी

- एयर इंडिया एक्सप्रेस को उड़ान की अनुमति मिली
- टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू हो गई

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन एयरपोर्ट से भुवनेश्वर की उड़ान 30 मार्च से शुरू होगी। इस उड़ान के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस को अनुमति मिल गई है। कंपनी ने टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग भी शुरू कर दी है।

पिछले सप्ताह बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा की उड़ान हिंडन से शुरू हुई थी और अगले सप्ताह बेंगलुरु के लिए दिन में दूसरी उड़ान भी शुरू होने जा रही। इससे शहरवासियों के अलावा आसपास के जिलों में रहने वाले लोगों को भी सहूलियत होगी। हिंडन एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है। इसके शुरू होने के छह साल बाद इस माह पहली बार हिंडन एयरपोर्ट से व्यावसायिक विमान ने उड़ान भरी थी। अब यहां से भुवनेश्वर के लिए भी उड़ान शुरू होने जा रही है। 30 मार्च को इसकी शुरुआत होगी।

हिंडन एयरपोर्ट से किशनगढ़, नांदेड़, आदमपुर, लुधियाना और बठिंडा, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए उड़ान चल रही। अब भुवनेश्वर के लिए भी उड़ान शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इसकी पुष्टि की है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, हिंडन हवाई अड्डे से उड़ान सुबह 9:20 बजे रवाना होगी और सुबह 11:45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। वापसी में, यह दोपहर 12:15 बजे भुवनेश्वर से उड़ान शुरू होगी और दोपहर 2:30 बजे विमान हिंडन पहुंचेगा। भुवनेश्वर का गाजियाबाद से विमान का टिकट करीब 6400 रुपये से पौने 14 हजार रुपये तक है। वहीं, दिल्ली से भुवनेश्वर की टिकट का दाम 24 हजार रुपये तक दिख रहा है।

दस शहरों को जोड़ने के लिए रास्ते खुले

चेन्नई की 22, जम्मू की 23 से उड़ान

हिंडन एयरपोर्ट से आठ शहरों के लिए उड़ान सेवा मिल रही। जल्द हिंडन से जुड़ने वाले शहरों की संख्या 11 हो जाएगी। भुवनेश्वर से पहले 22 मार्च को हिंडन से चेन्नई और 23 मार्च से जम्मू के लिए उड़ान शुरू हो जाएगी। 10 मार्च से बेंगलुरु के लिए दिन में दूसरी उड़ान भी शुरू होने जा रही। ऐसे में हिंडन एयरपोर्ट पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाएगी और दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट की भीड़ कुछ कम हो सकेगी।

यूपी के चार शहर भी जुड़ेंगे

हिंडन एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी आने वाले दिनों में और भी बढ़ेगी। गाजियाबाद से लखनऊ, बनारस, अयोध्या और प्रयागराज के लिए भी उड़ान शुरू करने की कवायद चल रही। स्थानीय सांसद और विमान सलाहकार समिति के अध्यक्ष अतुल गर्ग इसकी पैरवी कर रहे हैं। इन चारों शहरों के लिए उड़ान शुरू होने पर हिंडन एयरपोर्ट 15 शहरों से जुड़ जाएगा। कनेक्टिविटी बढ़ेगी तो इसका लाभ गाजियाबाद के साथ नोएडा, दिल्ली, हापुड़, बुलंदशहर व मेरठ के लोगों को भी मिलेगा।